# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–03.09.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

********************

रांची के प्रोजेक्ट भवन में आज सत्तापक्ष के नेताओं ने मुख्य सचिव से मुलाकात की। इस उच्च स्तरीय बैठक के दौरान नेताओं ने छात्रों की विभिन्न समस्याओं और ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में झामुमो नेता विनोद पांडेय ने आरोप लगाया कि जेपीएससी और जेएसएससी मामले में भाजपा छात्रों को उकसाने का काम कर रही है।

गौरतलब है कि कल भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव से मुलाकात कर जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं में हुई कथित धांधली की सीबीआई जांच कराने की मांग की थी।

********************

हजारीबाग के सदर भाजपा विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने आवास के बाहर संदिग्ध सीसीटीवी कैमरे और निगरानी उपकरण लगाए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो को पत्र लिखकर मामले की उच्च स्तरीय जांच और सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। विधायक ने परिवार की सुरक्षा पर चिंता जताई है।

********************

जमशेदपुर में टाटा स्टील प्रबंधन और टाटा वर्कर्स यूनियन के बीच वित्तीय वर्ष 2025–26 के बोनस पर समझौता हुआ है। इसके तहत कंपनी के 25 हजार से अधिक कर्मचारियों के बीच 315 करोड़ रुपये का बोनस बंटेगा। जमशेदपुर प्लांट के कर्मियों का औसत बोनस करीब एक लाख 48 हजार रुपये और अधिकतम चार लाख 52 हजार रुपये तय हुआ है।

********************

सरायकेला–खरसावां जिले में सीजनल इन्फ्लुएंजा को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। सिविल सर्जन डॉ. सरयू प्रसाद सिंह ने बताया कि राज्य के निर्देशानुसार जिला अस्पताल में 10 बेड का आइसोलेशन वार्ड तैयार किया जा रहा है। ओपीडी में सर्दी, खांसी और सांस के मरीजों की विशेष स्क्रीनिंग की जाएगी। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

********************

जामताड़ा में आज मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण के तहत सात केंद्रों पर विशेष शिविर लगाए गए हैं। यहां मतदाताओं के दावों और आपत्तियों की सुनवाई की जा रही है। अतिरिक्त सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सुशांत कण्डुलना ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार छूटे हुए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने की कार्रवाई जारी है।

********************

हजारीबाग के ईचाक प्रखंड की शिवानी नदी में बहे 19 वर्षीय टिंकू कुमार का शव एनडीआरएफ की टीम ने 22 घंटे बाद बरामद कर लिया है। रांची से आई टीम ने कड़े रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद शव को निकाला, जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे की मांग की है।

********************

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सोशल मीडिया पर कीर्ति यानी खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन कार्यक्रम की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से देश के उभरते खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाएं मिल रही हैं। भारत सरकार का लक्ष्य देश के हर जिले में खेल प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान करना है।

********************

14वीं राष्ट्रीय पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में राज्य के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 9 पदक जीते हैं। इनमें 4 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य पदक शामिल हैं। इस उपलब्धि पर पदक विजेता खिलाड़ियों ने राज्यपाल संतोष गंगवार से शिष्टाचार भेंट की।

*******समाप्त************